[Shri Vishvjit P. Singh] (4) Twenty First Report on action taken on the 167th Report (8 th Lak Sabha) on Import and Distribution of Fertilizers.

**RE. SETTING UP OF DEVELOPMENT BOARDS FOR MARATHWADA AND VIDARBHA**

THE DEPUTY CHAIRMAN Now, Special Mentions. *(Interruptions)*

SHRI SHABBIR AHMAD SALARIA (Jammu and Kashmir): Madam, ___ *('Interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN; Mr. Salaria, please go back to your seat. Otherwise, nothing is recorded. *(Interruptions)* It is not going on record. *(Interruptions)* I do not know whether Mr. Salaria has taken the oath to be a Mininster and coming and speaking here, from a Minister's seat. I am not aware of it. Please go back. *(Interruptions)* Mr. Salaria, when did you take oath to be a Minister, to speak from a Minister's seat? Please go back. *(Interruptions)*

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV (Maharashtra)': Madam, Deputy Chairman, the Chief Minister of Maharashtra has written a letter to the Prime Minister. *(Interruptions)* I want the Prime Minister to comment on this. *(Interruptions)*. There is already a provision in the Constitution for the setting up of development boards for Marathwada and Vidarbha. This is very important. *(Interruptions)* I would like the Prime Minister to respond. *(Interruptions)*

**श्री नरेश सी० पुगलिया (महाराष्ट्र)** प्रधान मंत्री जी यहां मौजूद हैं। (व्यवधान) डवलपमेंट बोर्ड के कांस्टीटयूट करने के संबंध में महाराष्ट्र ने... (व्यवधान) केन्द्रीय सरकार को कहा है। (व्यवधान) वहां के दोनों सदनों ने इसके लिए अपनी सिफ़ारिश की है.... (व्यवधान) प्रधान मंत्री जी इस विषय में घोषणा करेंगे... (व्यवधान)

THE PRIME MINISTER (SHRI CHANDRA SHEKHAR): Madam, it is true that there is a provision in the Constitution. It is also true that the Government has taken a decision that development boards will be constituted in Maharashtra.

SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE (Gujarat): For Kutch also.

THE DEPUTY CHAIRMAN; Let Maharashtra get first.

SHRI CHANDRA SHEKHAR; A decision has been taken in regard to Maharashtra. About Kutch, I do not know if any decision has been taken. But there is a small problem. We have requested the Maharashtra Government to send their comments. The problem is that according to the provisions, as they stand today, there will be enough erosion of the representative character of the Assembly there if these Boards are constituted in that manner. So, there is some hesitation on the part of the State Administration and a very knowledgeable section of the parliamentary democracy feels that the Assembly will not be able to function as effectively as it should. So, this aspect is being examined. Until and unless we get the concurrence of the State Government, it will not be possible for us to implement it. But we are actively pursuing in this matter and I assure the hon. Members that perhaps there will be some amendment or alteration here and there and then we will constitute these Boards. *(Interruptions)*.

**डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश)** : प्रधान मंत्री को इस बारे में निर्णय लेना चाहिए और घोषणा करनी चाहिए। यह पिछड़ा क्षेत्र हैं। वहां की जनता त्राहि त्राहि कर रही है। विदर्भ विकास बोर्ड की घोषणा प्रधान मंत्री को करनी चाहिए और यह सदन के पटल पर की जानी चाहिए। महाराष्ट्र सरकार ने सारा प्रपोजल भेज दिया है। इसलिए विदर्भ विकास बोर्ड को टालने की कोशिश करने से सारे महाराष्ट्र में असंतोष फ़ैलेगा... (व्यवधान)।

**श्री नरेश सी० पुगलिया :** मैं यह कहना चाहता हूं कि महाराष्ट्र सरकार ने प्रपोजल भेज दिया है, इसलिए आपका वक्तव्य गलत है। महाराष्ट्र की ऐसेम्बली के दोनों हाउसेज ने यूनानिमस रिजोल्यूशन पास करके सेन्ट्रल गवर्नमेंट के पास प्रपोजल भेज दिया है। अब सेन्ट्रल गवर्नमेंट को घोषणा करनी चाहिए... **(व्यवधान)** ।

**उपसभापति :** आपने अपनी बात कह दी है। अब आप उसको रिपीट मत करिये और बैठ जाइये ।

**श्री नरेश सी० पुगलिया :** मैं यह कहना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी का वक्तव्य टोटली गलत है... **(व्यवधान)** ।

**SHRI VISHWAJIT p. SINGH** (Maharashtra): Everytime the same excuse is given, *(interruptions)*.

**श्री नरेश सी० पुगलिया :** राज्य सरकार ने रिजाल्यूशन पास करके भेज दिया है। अब केन्द्रीय सरकार को निर्णय लेना चाहिए। पिछली सरकार ने विदर्भ और मराठवाड़ा के लिए बोर्ड गठित करने की घोषणा की थी। लेकिन अब केन्द्रीय सरकार जान-बूझ कर इस मामले को टाल रही है... **(व्यवधान)** ।

**उपसभापति :** आपने अपनी बात कह दी है, अब आप बैठ जाइये। बार-बार डिस्टर्ब मत करिये ।

SHRI N. K- P. SALVE (Maharashtra): We do not want any erosion whatsoever in the authority of the legislature there nor erosion in the authority of the State Government. What we need is an authority which will watch the interest of Vidarbha and Marathwada and that is what is very essential. Allocations of development are not made either on the basis of population or area or backwardness. We are not worried about this aspect of the matter. I want to submit for the consideration of the Prime Minister that this being so, in the Presidential order it is up to you to determine what powers you want to vest in the hands of the Government, but for God's sake, do not delay in constituting this authority because this authority alone can watch our interest. They have failed to watch our interest in the Maharashtra State. Governments after governments have discriminated against us. As a result of this, there is a backlog of over Us. 15,000 crores. I am not blaming you for the backlog, but I certainly expect from you that you will take a measure which will do some justice, at least which will not perpetuate injustice on us. *(Interruptions)*.

THE DEPUTY CHAIRMAN; Let one matter be over. *(Interruptions)*. Please sit own.

I said, please take your seat.

**श्री प्रमोद महाजन (महाराष्ट्र) :** एक नजर इधर भी ।

**उपसभापति :** एक की बात तो खत्म हो तब नजर उधर जायेगी ।

SHRI S. B. CHAVAN (Maharashtra). Madam, on this point of constitution of statutory Boards for the development of backward areas in Maharashtra, it is a fact that the Constitution as it stands today will have to be amended in order to incorporate the feelings which my esteemed friend, Shri N. K. P. Salve, has ex-pressed. He has also expresses that he is not in favour of taking away the powers of the public representatives. With regard to article 371(2) I would request the Prime Minister to consult the Law Ministry and try to find out whether the interpretation put by some of the honourable Members that it does not take away the powers of the public representatives is correct or not. As far as my information, goes—both at the Government of Maharashtra level and at the Government of India level I had consulted the Law Ministries at both the places—I am firmly of the view that it definitely takes away the

[Shri S. B. Chavan]

powers of the public representatives. I am not opposed to the removal of the backlog; the backlog has got to be removed. But if we try to apply the same formula and take away the powers of the public representatives, then it will be a total negation of the democratic rights of the public representatives, to which I am opposed.

**श्री प्रमोद महाजन :** महोदया ,

**उपसभापति :** जवाब दे रहे हैं ।

**श्री प्रमोद महाजन :** इसी संदर्भ में मुझे कहना है ।

**उपसभापति :** प्रधानमंत्री जी, वे इसी संदर्भ में बोल रहे हैं ।

**श्री प्रमोद महाजन :** उपसभापति जी, विदर्भ, मराठवाड़ा और कोंकण क्षेत्र की जनता का दुख यह है कि उनका अनुशेष है यह सब मानते हैं और यह दूर करना चाहिये यह भी मानते हैं । अगर आज तक की सरकारें लोक प्रतिनिधियों के अधिकारों की बार बार दुहाई देती हैं लेकिन आज तक की सरकारें अगर इस भाग के पिछड़ेपन की अनुशेष को पूर्ण भर लेती तो शायद यह 372(2) की उपाय योजना की आवश्यकता नहीं पड़ती । लेकिन आज तक की सरकारों ने चालीस साल तक विदर्भ, मराठवाड़ा और कोंकण के अनुशेष को जब नहीं भरा तो स्वाभाविकरूप से वहां की जनता की इच्छा है कि यह सोचा जाय कि इसका रास्ता क्या है । लोक प्रतिनिधियों के अधिकार कम किये जायें यह कोई नहीं चाहता । लेकिन मुझे लगता है कि लोगों को भी अधिकार है और लोगों को भी सोचना चाहिये । उनको भी अपने विकास का अधिकार है और इस दृष्टि से मुझे यह लगता है कि बार बार हर प्रधान मंत्री का यही कहना है कि हम महाराष्ट्र से सूचना मंगा रहे हैं और महाराष्ट्र का यह कहना है, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने यह कह दिया है कि जो प्रपोजल है वह उन्होंने सेंटर के पास भेज दिया है । वह चाहे तो बोर्ड का निर्माण करे न चाहे तो उसको कूड़ेदान मे फ़ेंक दे । यहां तक उन्होंने कहा है । महाराष्ट्र विधान सभा ने सर्व-सम्मति से प्रस्ताव पारित किया है । लेकिन मुझे लगता हैं कि इसे फ़ुटबाल की तरह सेंटर से स्टेट और स्टेट से सेंटर घुमाया जा रहा है । ऐसा न करते हुए, अगर इसको तुरंत करने की इच्छा हो, अगर करना चाहते हो तो यह एक हफ्ते के अन्दर ही हो सकता है । न इच्छा हो तो इसके सौ कारण ढूंढे जा सकते हैं... (व्यवधान)

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO 'JADHAV; Madam, for the 'last 40 years this backlog" could' not be removed. • So, what , is another solution? Suppose the Central Government fixes the responsibility on the State Government, the State Government puts the ball back in the Centre's court. So, the result of all these things is that the Boards are never created. .Then what is the way out? The Chief Minister has already sent a letter to the Government of India.

THE DEPUTY CHAIRMAN-; .That •has already been said. Let him reply.

SHRI VITHALRAO- MADHAVRAO JADHAV; So the Boards should be created first and you must see what the legal formalities are, whether the powers go off and whether' the powers are reduced. These things ' can. be looked into later on. But the Prime Minister should declare in this House that these Statutory Boards should be created immediately as per the provisions of the Constitution. That is my demand. And there should not be any ambiguity in making the statement that we are for the development of the backward areas. For the last 40 years they could do nothing and they don't want to create these Statutory Boards. I strongly object to this kind of an attitude.

**श्री अनन्तराय देव शंकर दवे :** महोदया, गुजरात में कच्छ को डेवलपमेंट बोर्ड दिया गया था । लेकिन वह वापस ले लिया गया है । गुजरात सरकार के

कई प्रपोजल यहां सेंटर में पड़े हुए हैं। आज तक कच्छ जो कि बैकवर्ड एरिया है उसका कोई डेवलपमेंट नहीं हो रहा है और वहां डेवलपमेंट बोर्ड नहीं दिया जा रहा है। इसलिये हमारी मांग है कि विदर्भ के साथ साथ गुजरात में भी कच्छ को डेवलपमेंट बोर्ड दिया जाय।.... (व्यवधान)...

**उपसभापति :** प्रधानमंत्री जी जवाब दे रहे हैं दूसरी चीज पर और आप अपनी बात कर रहे हैं (व्यवधान)

आप कच्छ की बात कर रहे हैं। पहले इसका तो हो जाए (व्यवधान) अच्छा उनको बोलने दीजिये (व्यवधान)

**श्री राम अवधेश सिंह** (बिहार) : (व्यवधान)

SHRI CHANDRA SHEKHAR: Medam Deputy Chairman I did not want to go into the details of the problem, but just now hon. Member. Shri S. B. Chavan has brought cut..

**श्री राम अवधेश सिंह :** बिहार के बारे में (व्यवधान)

**उपसभापति :** आप एक मिनट बैठिए। आपका तो कोई बोर्ड नहीं है।

You are above board. You better sit down.

SHRI SURESH KALMADl (Maharashtra) : How are y°u giving a certificate like that? *(Interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN; Which board? Blackboard? Which board? Please sit down?

**श्री राम अवधेश सिंह :** महाराष्ट्र की बात तो आपने सुन ली है अब आप बिहार की बात भी सुनिये।

**उपसभापति :** राम अवधेश जी आप बैठ जाइये।



**श्री राम अवधेश सिंह :** बिहार के विकास के लिए फ्रेट इक्वेलाइजेशन बाधक है उसको क्या आप समाप्त करेंगे ?

**उपसभापति :** आप अब बैठ जाइये।

SHRI CHANDRA SHEKHAR: Madam Deputy Chairman, whether the problem is complicated or not, you can understand from the various statements that have been made here. Hon. Member Mr. S. B. Chavan has brought the problem in proper perspective. I did not want to go in that detail. My hon. friend says that the Board should be constituted under the provisions of the Constitution, and the hon. Member, Mr. S. B. Chavan, said that in order to protect the rights of the representatives of the people, that Article needs to he amended. It is true that the Chief Minister of Maharashtra has sent a letter.. But the letter also indicates the problem. The problem has been brought before the House by Shri S. B. Chavan. It is unfortunate that the Members go on hurling the accusation as if for 40 years this has been pending with the Government. I do not know. This came only a few months back, and within two months or three months I have tried to discuss this problem with various persons who are interested in these Boards. But I see that some divergent points of view are there. The Government of India will not do anything which cannot be implemented. That is the whole problem. If you want that I should declare something, I would have declared it earlier. There is no problem in it. That is what I say. Madam Deputy Chairman, I shall request the hon. Members that they should convene a meeting of the Maharashtra Members, call for the Chief Minister, come to some understanding, and the same day I shall declare those Boards. *{Interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now that matter is over. (Interruptions)

SHRI N,: K. P. SALVE: Madam, we will take him at his word. We will call the Chief Minister of Maharashtra. All the MPs will meet him and then go to him immediately and he will constitute it in a week's time.

Thank you very much.

THE DEPUTY CHAIRMAN; Now that matter is over.

**श्री राम नरेश यादव** (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदया, मुझे एक बहुत महत्वपूर्ण विषय पर बात कहनी है **(व्यवधान)** उपसभापति महोदया, परसों होली का त्यौहार है और आवश्यक वस्तुओ के दाम आसमान को छू रहे हैं।

कामन मैन के लिए आवश्यक वस्तुओं का खरीदना मुश्किल हो रहा है। प्रधानमंत्री जी यहां मौजूद हैं, लीडर आफ दी हाउस यहां मौजूद हैं मैं आपके माध्यम से यह जानना चाहता हूं कि जब इस तरह । कामन मैन पर मंहगाई का असर पड़ रहा है तो सरकार ऐसी स्थिति में क्या कदम उठाने जा रही है ताकि खाद्य तेलो के दाम नियंत्रित हो जाएं और आवश्यक वस्तुओं के दाम जिस तरह से बढ़ रहे हैं वह भी नियंत्रित हो जाए। कामन मैन को सुविधा हो इसके लिए आप क्या कदम उठाने जा रहे हैं ? मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि यह कामन मैन का मामला है, पूरे देश का सवाल है, सारे लोगों से संबंधित मामला है। सरकार को इस पर गम्भीरता से ध्यान देना चाहिये। परसों होली है सरकार को चाहिये कि आज ही ऐसी घोषणा करे ताकि इन चीजों के दाम और न बढ़ें और कम दाम पर लोगों को आवश्यक वस्तुएं मिल सकें। धन्यवाद।

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदया, कल यहां पर सदन में तमिलनाडु के विषय में बहस हुई और वहां की सरकार को डिसमिस करने के बारे में बहस हुई। मैंने रात को अंग्रेजी के साढ़े नौ बजे के समाचार सुने। उसके बाद जो हिन्दी में संसद समाचार प्रसारित होते हैं वह भी सुने। ऐसा लगता है कि खास तौर पर अंग्रेजी के टी० वी० के लोग या तो लापरवाह हैं या कुछ जानबूझ कर के गड़बड़ करते हैं। अंग्रेजी न्यूज में कहा गया कि the Bill was passed unopposed, इस प्रकार से यह कहा गया विदाऊट ऐनी डिसक्शन। यह बिल्कुल गलत है। डिसकस पूरा न हुआ हो, उन्होंने कहा मंत्री महोदय ने यह कहा। जो रिजोल्यूशन था उसका उल्लेख भी नहीं किया जबकि संसद समाचार में हिन्दी में उन्होंने दोनों की पूरी बात कही। मैं ध्यान दिलाना चाहता हूं आपके माध्यम से कि टी०वी० के लोग प्राय गड़बड़ करते है, खास तौर से अंग्रेजी में, यह मेरा कहना है। मैं इसको प्रिविलेज का विषय नहीं बनाना चाहता हूं अन्यथा यह पूरे तरीके से, अच्छे तरीके से प्रिविलेज का विषय है ... **(व्यवधान)** मैं केवल उनका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि वे ईमानदारी से और जरा ध्यान देकर काम करें। They should not act in a partisan way.

**श्री राम अवधेश सिंह** : मैं माथुर जी की बात का समर्थन करता हूं। हिंदी में समाचार कुछ आते हैं अंग्रेजी में समाचार कुछ आते हैं.... **(व्यवधान)** प्रेजिडेंशियल स्पीच में गड़बड़ी थी। हिंदी में ठीक दिया लेकिन अंग्रेजी वालों ने ब्लैक आउट कर दिया।

THE DEPUTY CHAIRMAN: He has been standing for a long time. *(Interruptions)*

DR. ABRAR AHMED (Rajasthan): Madam, please allow me to speak. *(Interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN; Go back to your seat. I am permitting you.

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu) Retreat.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I make everybody retreat. The only thing is he is law abiding. He is listening to me.

**डा० अबरार अहमद :** म आपसे राजस्थान के पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने के लिए भीख मांगता हूं ।

THE DEPUTY CHAIRMAN; I will allow her. She can speak. Let him finish so that she can be heard.

**डा० अबरार अहमद :** महोदया, मैं आपका संरक्षण चाहते हुए राजस्थान के पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने के लिए झोली फैलाकर भीख मांगता हूं । महोदया, 24 अक्टूबर को राजस्थान में जो साम्प्रदायिक दंगा भड़का था जिसमें 60 से ज्यादा लोग मरे थे उसकी न्यायिक जांच कराने के लिए लोग दर दर भटके, हर जगह गये, प्रधान मंत्री के पास गये, मुख्य मंत्री के पास गये, डिमांस्ट्रेशन्स किये लेकिन मुझे बहुत दुख के साथ कहना पड़ता है कि मात्र एक पुलिस इन्क्वायरी हो रही है जबकि 60 आदमियों की नृशंस हत्या की गयी है । महोदया, एक आदमी कहीं मर जाता है तो जुडीशियल ईन्क्वायरी हो जाती है, सी०बी०आई ईन्क्वायरी हो जाती है लेकिन राजस्थान की आवाज इतनी कमजोर हो गयी है कि 60 आदमियो के मरने के बाद भी भारतीय जनता पार्टी का राज होने के कारण वहां जुडीशियल ईन्क्वायरी तक नहीं हो पा रही है । मैं आपके माध्यम से न्याय की भीख मांगता हूं । बी०जे०पी० के नेता बैठे हैं जो सारे देश में साम्प्रदायिक झगड़ों की न्यायिक जांच की मांग करते हैं । राजस्थान में इनकी सरकार है, वहां क्यों नहीं ये न्यायिक जांच करवाते हैं । आज वे यतीम बच्चे, वे विधवा औरतें जिनके पति मरे हैं, मां बाप मरे हैं न्याय के लिए तरस रहे हैं । अगर उनके बीच जाए तो वे आंसू बहा बहा कर अपनी कहानी और क्या सुनाते हैं । लेकिन कोई सुनने वाला नहीं होता । मैं आपके माध्यम से भीख मांगता हूं कि सरकार को निर्देश दें कि राजस्थान के अंदर जो साम्प्रदायिक दंगा भड़का था उसकी न्यायिक जांच करायी जाए । आज सारे राजस्थान में इस डिमांड को लेकर जिला मुख्यालों पर धरने दिये जा रहे हैं, मांग की जा रही है लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार नहीं सुन रही है । मैं आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि जिस प्रकार से उन्होंने अन्य राज्यों में इंटरफेयरेंस किया है, आज राजस्थान की हालत मैंने बयान की है, इसलिए सरकार तत्काल हस्तक्षेप करे । मैं किसी सरकार को बर्खास्त करने की मांग नहीं कर रहा हूं, मैं मात्र इतना चाहता हूं कि उन पीड़ितों को न्याय दिलायें, उन दंगों की न्यायिक जांच करायें जिससे उनके आंसू पोंछे जा सकें और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर पाबंदी लग सके ।

*(Interruptions)*

**उपसभापति :** अभी एक महिला को मैंने बुलाया है, उनको बोलने दीजिए । उनको डिस्टर्ब मत कीजिए ।

**श्री राम अवधेश सिंह :** महोदया,

**उपसभापति :** एक मिनट राम अवधेश जी । आप बैठिए ।

**श्री राम अवधेश सिंह :** आप हमको बोलने दीजिए ।

**उपसभापति :** एक मिनट महिला को बोलने दीजिए । आप बैठिए ।

SHRIMATI MIRA DAS (Orissa); I bring an important issue before this House. That is on the issue which was raised previously by Shri Mathur. I am also raising the same issue. That is regarding the news on P**oor**-darshan. Parliament proceedings are being twisted and distorted by Door-darshan.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu); V. **p. Singh's** Government distorted even **the** Chairman's speech. Where was **she** at that time?

SHRI VISHVJIT P. SINGH (Maharashtra) : This thing was started by Mr. .... *(Interruptions)* From then it has been going on. *(.Interruptions)*

SHRIMATI MIRA DAS: Even all the Opposition leaders are not being given importance in the news bulletins on the Doordarshan. *(Interruptions)*

SHRI V. NARAYANASAMY (Pon-dicherry): The Members' speeches are completely distorted on TV.

SHRIMATI MIRA DAS: Dr. Subra-manian Swamy and **Mr. Rajiv** Gandhi are being given extensive exposure and unnecessary exposure. The views of the Opposition Leaders are not being covered. .... *(Inters ruptions)..,..*

SHRI RAJ MOHAN GANDHI) (Ut-tar Pradesh); You are not satisfied with Doordarshan. ... *(Interruptions)...* You want to prevent us from speaking even here..............*(Interruptions). ...*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, that is over . .. *(Interruptions)* I have one special mention...................*(In terruptions) ....*

SHRIMATI MIRA DAS: The policy of this Government is not to give independence to the electronic media. .... *(Interruptions)....*

**उपसभापति :** मिसेज दास, आपकी बात नोट हो गई है । अब आप कृपया बैठ जाईये ।

SHRIMATI MIRA DAS: Even in the President's Address we do not find any mention of Prasar Bharati.

THE **DEPUTY CHAIRMAN; Yo** can speak while participating in the' Motion of Thanks to the President's Address.

*$m* gwr £* 3i?5r i

.... *(Interruptions)....* Please take your seats.

SHRI M. A. BABY (Kerala): Madam, you have granted me permission.

THE DEPUTY CHAIRMAN; Let me allow one on the right and one on the left. Please take your seat

**डा० रत्नाकर पाण्डेय :** माननीय उपसभापति जी, उत्तर प्रदेश सरकार के कई संगठन, जो सरकारी उपक्रम में हैं..... (व्यवधान)

**श्री राम अवधेश सिंह :** बाद में हम लोगों को......

**उपसभापति :** आपका नाम बाद में आएगा ।

**डा० रत्नाकर पाण्डेय :** राम अवधेश सिंह मिनिस्टर बनोगे कि बोलने भी दोगे, दो में से एक बनाओ ।

उत्तर प्रदेश सरकार के कई संस्थान, जैसे ट्रैक्टर इंडिया लि० सुलतानपुर और सीमेंट का सबसे बड़ा एशिया का कारखाना, जो बनारस कमिश्नरी मिर्जापुर में है, जिसकी तीन यूनिट्स ढाला, चुर्क और चुनार में काम करती हैं, नये औद्योगिक तीर्थों के तहत जिसका शिलान्यास जवाहरलाल नेहरू ने किया था और श्रीमती इंदिरा गांधी ने सन् 1983 में एशिया की सबसे बड़ा सजहर सीमेंट फैक्टरी बनाई

थी । सरकारी उपक्रम से उसे निकाल कर मुलायम सिंह की सरकार ने प नी के भाव पर उस बड़े-बड़े सेठों को, बड़े बड़े पूंजीपति घरानों को बेचने का उपक्रम किया है और उसमें केन्द्रीय सरकार के उद्योग मंत्रालय का भी सहयोग मिल रहा हैं । पिछली सरकार ने, सीमेंट कारखाना बिकने के लिए जब दिल्ली में उद्योग मंत्रालय में आया था, तो तत्कलीन मंत्री ने मेरे कहने पर उस मीटिंग को रोक दिया था । पर अब मुझे प ा चला है कि यह सरकार उस कारखाने को किसी प्राइवेट फैक्टरी को जो सीमेंट का सबसे बड़ा कारखाना है, बेचने जा रही है, जिसमें कि मैं कई यूनियंस का अध्यक्ष हूं हर जगह । यदि सरकारी उपक्रम से ग त ढंग से अ धिक आधार पर पैसा लेकर पूंजीपति को बेचा गया, तो केन्द्रीय सरकार को और उत्तर प्रदेश सरकार कोई बहाना कर देंगे क्योंकि बीस हजार कर्मच री उनमें काम करते हैं । उनके खु न-पसीने की राष्ट्रीय कम ई को सेठों के ह थ में बेचने का अधिकार चन्द्रशेखर जी की सरकार को और मुलायम सिंह की सरकार को हम जो समर्थन दे रहे हैं, कद पि नहीं देंगे। इस प्राइवेटा- इजेशन को रोकिये और उसका नेशनलाईज्ड जो रूप है, उसको च लू करिए ।

यदि यह हुआ, तो भारी अनर्थ होगा और बड़ा भारी आंदोलन इसके खिलाफ उठेगा । इसलिए सीमेंट कारखाना और ट्रैक्टर इंडिया कारखाना जो प नी के भाव बेच जा रहे हैं, या बेच दिये गये हैं, उन्हें सरकार खुद चलाये । केन्द्र सरकार तुरन्त इस पर उत्तर प्रदेश सरकार को इंस्ट्रक्शंस दे कि वह यह काम बन्द करें ।

धन्यवाद ।

**RE: INTERNATONAL ASSISTANCE TO REHABILITATE PEOPLE AFFECTED BY GULF CRISIS.**

SHRI M. A. BABY (Kerala): Madam Deputy Chairman, thank you very much for permitting me to raise this important matter. I am also happy that the hon- Finance Minister who happens to be the Leader of the House is also present here. This is a matter of grave national importance. Everybody knows that India is today faced with an unprecedented economic crisis. The issue which I would month of November 1990, the **LIO** call to mobilise international funds to assist those who are returning from the Gulf region. And in the month of November 1990, the ILO gave an appeal for mobilisation of international resources in order to extend financial assistance to countries which are affected by the Gulf crisis, in order to rehabilitate those who are returning from the Gulf region. Madam, it goes without saying that mostly people from South India, more from States like Kerala, Tamil Nadu, Goa and so on, are affected by this crisis. Of course, there are people from other parts of the country also. In this connection. I have the UN newsletter dated the 23rd February 1991. I have also raised a question related to this matter whether India has requested for assistance from ILO for rehabilitation of Indians.

Madam, we know that we are undergoing an unprecendented economic crisis and as a part of this even the financial democracy is being subverted by extending the time **for**